# हरियाणा लोकहित पार्टी

जन जन का सम्मान, लोकहित में काम

## मिशन - 2024 में 24 संकल्प

# संकल्प पत्र

## सिरसा का सेवादार

**मेरा संकल्प, आपका समर्थन**



चुनाव चिन्ह

## मेरा प्रयास
## निरंतर विकास

**9522277055**

भाई गोपाल कांडा से जुड़ने के लिए मिस्ड कॉल करें



# सिरसा के समग्र विकास के लिए संकल्प पत्र

## बेरोजगारी खत्म करने के लिए विशेष आर्थिक जोन की होगी स्थापना

सिरसा विधानसभा क्षेत्र में बद्दी और रुद्रपुर की तर्ज पर विशेष आर्थिक जोन की स्थापना करवाई जाएगी। नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जाएगी, जिससे युवाओं के लिए नए अवसर सिरसा में ही सृजित होंगे। स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बेरोजगारी भी नशाखोरी का कारण है। रोजगार मिलने से युवा नशों से दूर होगा।

## निजी कोष से नशा मुक्ति केंद्र का निर्माण

सिरसा में युवाओं में बढ़ते नशे की लत को रोकने के लिए अत्याधुनिक नशा मुक्ति केंद्र का निर्माण व्यक्तिगत कोष से करवाया जाएगा। यह केंद्र नशामुक्ति के साथ-साथ परामर्श, पुनर्वास, और जागरूकता लाने का काम करेगा।

## सफाई कर्मचारियों की नई भर्ती

सिरसा में सफाई व्यवस्था के सुधार के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। सफाई कर्मियों की नई भर्ती होने से शहर और अधिक स्वच्छ, सुंदर बनेगा।

## स्ट्रोम वाटर प्रोजेक्ट से होगा स्थाई समाधान

सिरसा में जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए स्ट्रोम वाटर प्रोजेक्ट मंजूर करवाया गया था। इसके शेष कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। बरसाती जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान होगा।

## नालों का निर्माण

धिंगतानीया माइनर,भम्भूर माइनर, सलारपुर माइनर, बाजेकां से लेकर बेगू गांव तक के रंगोई नाले का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जायेगा।

## ग़रीब परिवारों को 100-100 गज़ का प्लॉट

गरीब परिवारों को, सौ-सौ गज के प्लॉट शहरों एवं गाँव में, निशुल्क में दिया जाएगा।

## ज़मीनों पर मिलेगा मालिकाना हक़

सरकारी जमीनों पर निवास कर रहें लोगों को 6 महीनों के अंदर मालिकाना हक़ प्रदान किया जाएगा। यह कदम कई परिवारों के अधिकारों की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## शहर से बाहर बनाया जाएगा नया हाई टेक बस स्टैंड

सिरसा का नया हाईटेक बस स्टैंड बनाया जाएगा। शहर से बाहर नया बस स्टैंड बनने से आम नागरिकों को काफी फायदा मिलेगा। इसे सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को सुलभ और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल सकेगा।

## गांवों में बस स्टैंड का निर्माण

ग्रामीण क्षेत्रों में भी नए बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण जनता को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।

**आपके भाई गोपाल कांडा से जुड़ने के लिए मिस्ड कॉल करें - 9522277055**

## सिरसा के सभी गांवों और शहर में फ्री Wi-Fi की सुविधा

पूरे सिरसा शहर और सभी 31 गांवों में फ्री Wi-Fi की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और नागरिकों को सशक्त किया जा सकेगा।

## प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि

सिरसा के प्रतिभाशाली छात्रों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। शैक्षणिक व खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सिरसा के मेधावी युवाओं का निजी कोष से सम्मान होगा। जिससे वे अपने क्षेत्र में और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

## एक अनोखी केंद्र का होगा गांव - गांव विस्तार, नारी शक्ति का होगा वंदन

स्वर्गीय माता श्रीमती राधा देवी कांडा की पावन स्मृति में संचालित 'एक अनोखी केंद्र' का विस्तार सिरसा के सभी गांवों में होगा। युवाओं और महिलाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर का विस्तार किया जाएगा, ताकि उन्हें आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त हो और रोजगार के नए अवसर मिल सकें।

## मेडिकल कॉलेज में ऑन्कोलॉजी (कैंसर विशेषज्ञता) विभाग की प्राथमिकता से स्थापना

सिरसा में चिकित्सा सुविधाओं को उन्नत करने के लिए बाबा सरसाई नाथ जी के नाम पर बनने जा रहे मेडिकल कॉलेज में प्राथमिकता से माता स्वर्गीय श्रीमती राधा देवी कांडा की स्मृति में ऑन्कोलॉजी विभाग (कैंसर विशेषज्ञता) की स्थापना व्यक्तिगत कोष से करवाई जाएगी, जिससे कैंसर के मरीजों को विशेषज्ञ देखभाल और इलाज सिरसा में ही प्राप्त हो सकेगा।

## बाईपास का निर्माण

सिरसा के चारों ओर यातायात और पहुंच में सुधार के लिए बाईपास का निर्माण किया जाएगा, जिससे शहर के यातायात को सुगम बनाया जाएगा और यात्रा में लगने वाला समय कम होगा।

## असहाय बेटियों के विवाह में अनुदान

नर सेवा नारायण सेवा की भावना से जरूरतमंद एवम असहाय लड़कियों के विवाह में 11,000 रुपये की सहायता की जाएगी। आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों को कन्या विवाह के लिए सहायता मिलने से उनको आर्थिक संबल मिलेगा।

## उच्च शिक्षा के लिए 5,100 रुपये की सहायता

आर्थिक कमजोर परिवार की कन्या को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 5,100 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। जिससे उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## किसानों को बेहतर बीज और खाद

अच्छी फसल के लिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और उर्वरक प्रदान किए जाएंगे, ताकि उनकी पैदावार बेहतर हो और उनकी आय में वृद्धि हो।

## ढाणियों में 24 घंटे बिजली और पानी

सिरसा की ढाणियों को 24 घंटे बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

## गौ अभ्यारण्य का होगा निर्माण

बेसहारा गौ वंश की देखभाल के लिए गौ अभ्यारण्य की स्थापना की जाएगी। जिससे बेघर और बेसहारा पशुओं की उचित देखभाल हो सकेगी और पर्यावरण को भी संतुलित रखा जा सकेगा। इस प्रयास से कैटल फ्री सिरसा का सपना साकार होगा।

हरियाणा लोकहित पार्टी
जन जन का सम्मान, लोकहित में काम
चुनाव चिन्ह

## खेल नर्सरियों की स्थापना

विभिन्न खेलों की आधुनिक नर्सरियों की स्थापना करवाई जाएगी। जिससे युवाओं को बेहतरीन खिलाड़ी बनने का प्रशिक्षण मिलेगा। इन नर्सरियों में राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षक युवाओं को उत्कृष्ट खिलाड़ी बनने के गुर सिखाएंगे।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना

सिरसा के युवाओं के लिए दिल्ली और चंडीगढ़ की तर्ज पर उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी करवाने के लिए एक आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करवाई जाएगी। जिसमें यूपीएससी/ राज्य पीसीएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक विपन्न युवाओं हेतु निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था होगी।

## थेहड़ विस्थापितों के आशियाने का सपना करेंगे साकार

थेहड़ विस्थापित परिवारों के लिए 100- 100 गज के प्लाट मेरे निजी प्रयासों से स्वीकृत हो चुके हैं। इन सभी परिवारों के लिए पक्की छत और आशियाने का सपना साकार करेंगे।

## मोघों की मुरम्मत प्रत्येक 5 साल पर और नवीनीकरण 10 साल पर

सड़कों की तरह किसानों के मोगो की मुरम्मत प्रत्येक 5 वर्ष पर और मोगाें के नवनिर्माण प्रत्येक 10 वर्ष पर करवाने के लिए कानून लागू करवाया जाएगा। इससे किसान भाइयों को बड़ा लाभ मिलेगा।

## ग्रीन सिरसा, हेल्दी सिरसा

सिरसा शहर और सभी गांवों को हरा भरा बनाने के लिए वृहत योजना बनाई जाएगी। जल, जमीन, जंगल, जलवायु, जानवर, जीवन, जनता सबको एक सूत्र में बांधा जाएगा ।अगर पौधे और पशु स्वस्थ्य हैं तो मनुष्य भी स्वस्थ्य होगा। इस भाव से कार्य योजना को धरातल पर लागू किया जाएगा। स्वैच्छिक संस्थाओं को इस कार्य के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर अभियान में शामिल किया जाएगा।

**यह 24 बिंदुओं पर आधारित संकल्प पत्र सिरसा को एक समृद्ध, सशक्त और विकसित क्षेत्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। सिरसा के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं, रोजगार के नए अवसर, एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन देने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं।**

---

# बढ़िया मौका मार दो चौका

चुनाव चिन्ह



**4 गोपाल कांडा**
विधानसभा क्षेत्र सिरसा

4 नंबर का बटन दबाकर भाई गोपाल कांडा को भारी मतों विजयी बनाएं

**गोपाल कांडा**
सुप्रीमो, हरियाणा लोकहित पार्टी

**आपके भाई गोपाल कांडा से जुड़ने के लिए मिस्ड कॉल करें - 9522277055**